राजस्थान पत्रिका

Sunday, December 04, 2011

सीएमएस महोत्सव जनवरी में

बेंगलूरु. जैन डीम्ड विश्वविद्यालय की ओर से सीएमएस महोत्सव अगले वर्ष छः जनवरी से शुरू होकर 24 फरवरी तक चलेगा। संस्थान की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह घोषणा की गई है।
इस दौरान कई विषयों से संबंधित उत्सव आयोजित किए जाएंगे जिनमें देश-विदेश से करीब पांच हजार विद्यार्थियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। विभिन्न उत्सवों में अभिनय (रंगमंच), थ्रेसहोल्ड (प्रबंधन), लस्य (सांस्कृतिक), प्रीसीपिस (अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन) आदि शामिल है। रंगमंच उत्सव में कन्नड़ तथा अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा के नाटकों का भी मंचन होगा। इसके अतिरिक्त एक फूड उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवान उपलब्ध होंगे।